गुरुवार
19 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 45 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com



जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास



## गैस किल्लत और महंगाई के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पीएम का फूका पुतला




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रसोई गैस की किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में बुधवार को नालंदा जिला कांग्रेस कमिटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकालते हुए भैंसासुर मोड़ होते हुए अस्पताल चौक तक मार्च किया। इस दौरान प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता त्रस्त है। विशेष रूप से एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और किल्लत ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब, मध्यम वर्ग, किसान और मजदूर सभी इस संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रही है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के मुद्दों को सड़क से संसद तक उठाती रही है। युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहरा रहा है, किसान अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं और महिलाओं के लिए घरेलू खर्च चलाना कठिन हो गया है। यदि जल्द ही सरकार ने प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।इस मौके पर हैदर आलम, रमेश पासवान, राजेंद्र चौधरी, निसार अहमद, आयान आलम, शाहिल आलम, अमन राज, राकेश कुमार, संतु कुमार, शिवसदन सिंह, रौशन कुमार, शिशुपाल प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा, अस्कर भारती, निपेंद्र कुमार, मो इंतियाज आलम अधिवक्ता, शिवनाथ चौधरी, किरानी पासवान, वाल्मीकि पासवान, अनिल कुमार चंद्रवंशी, विच्छी ठठेरा, नजमी इंतियाज समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरनौत बाजार में भीषण आग, सिलेंडर ब्लास्ट से कई दुकानें राख



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार के गोनावां रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के पास बुधवार अहले सुबह भीषण आग लगने से कई दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने जब दुकानों से उठती तेज लपटें देखीं तो तुरंत आसपास के लोगों और प्रशासन को सूचना दी।
सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की भयावहता को देखते हुए बाद में बिहारशरीफ से बड़ी दमकल गाड़ी मंगाई गई, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।
घटना के दौरान चार गैस सिलेंडरों के फटने की भी सूचना है, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट की आवाज से लोग दहशत में आ गए और आसपास भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।इस आगलगी में श्रीचंदपुर निवासी इकबाल की खस्सी मीट की दुकान और नियामतपुर निवासी प्रियंका देवी की जीविका समूह से जुड़ी दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रियंका देवी ने बताया कि उन्होंने जीविका से 50 हजार रुपये का ऋण लेकर दुकान शुरू की थी, जो पूरी तरह नष्ट हो गई। वहीं पास के एक क्लीनिक संचालक जतन प्रसाद की कार भी आग की चपेट में आकर जल गई।स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे बनी अधिकतर दुकानें अवैध और ज्वलनशील सामग्री से निर्मित थीं, जिससे आग तेजी से फैल गई। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## परित्यक्त बालिका को मिला नया परिवार, दत्तक ग्रहण से बदली जिंदगी



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। कल्याण बिगहा ओपी थाना पुलिस द्वारा 7 अक्टूबर 2024 को परित्यक्त अवस्था में मिली करीब 10 दिन की बालिका तन्वी कुमारी को बाल कल्याण समिति, नालंदा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। समिति के निर्देशानुसार बालिका का समुचित चिकित्सीय उपचार कराया गया और बाद में उसे विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नालंदा में सुरक्षित रूप से रखा गया।
इसके बाद दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई। 27 फरवरी 2025 को महाराष्ट्र के पुणे निवासी दंपति श्री सचिन शाम पाटिल एवं श्रीमती सुजाता सचिन पाटिल संस्थान पहुंचे और बालिका से मुलाकात की। आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं एवं औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद 17 मार्च 2026 को उक्त दंपति ने बालिका को विधिवत दत्तक ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने दंपति को दत्तक ग्रहण आदेश पत्र प्रदान किया। दत्तक ग्रहण के बाद बालिका को नया नाम "तन्वी सचिन पाटिल" दिया गया, जिससे उसे एक नया परिवार और पहचान मिली।दंपति में श्री सचिन शाम पाटिल एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जबकि श्रीमती सुजाता सचिन पाटिल दंत चिकित्सक हैं। दोनों एक सशक्त और सुसंस्कृत परिवार से हैं और बालिका के उज्ज्वल भविष्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।
विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नालंदा ने इस मानवीय पहल की सराहना की है।वहीं जिलाधिकारी ने बालिका के सुखद, सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


## चंडी थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, लंबित मामलों के निष्पादन का दिया निर्देश



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बुधवार को चंडी थाना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना और हाजत सहित विभिन्न शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने थाने में दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।
उन्होंने थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सतर्कता बरतने तथा आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने की हिदायत दी। एसपी ने कहाकि फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत बना रहे।
निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और ड्यूटी रजिस्टर की भी जांच की गई। उन्होंने गश्ती व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया।
एसपी ने पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच करते हुए अनुशासन बनाए रखने पर भी बल दिया। इस दौरान चंडी थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।
एसपी के निरीक्षण के बाद थाना में कार्यरत पुलिसकर्मियों में सक्रियता बढ़ी है और दिए गए निर्देशों से कार्य में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।





SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# पैरू महतो सोमरी महाविद्यालय में कब्जे की साजिश का आरोप




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को पैरू महतो सोमरी महाविद्यालय, पहड़पुरा के करीब दर्जनभर शिक्षकों ने नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ पहुंचकर महाविद्यालय के सचिव प्रो० डॉ० रघुनाथ प्रसाद कछवे के खिलाफ बैनर-पोस्टर के साथ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान शिक्षकों ने सचिव से इस्तीफा देने की मांग करते हुए उनके खिलाफ अपशब्दों का भी प्रयोग किया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी ये शिक्षक 15-20 दिन पूर्व नालंदा कॉलेज पहुंचकर सचिव को धमकी दे चुके हैं।

शिक्षकों का आरोप है कि महाविद्यालय में सरकारी अनुदान के वितरण में अनियमितता और भेदभाव हुआ है। हालांकि महाविद्यालय प्रशासन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। प्राचार्य बलराम प्रसाद ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह मामला अनुदान नहीं बल्कि महाविद्यालय पर जबरन कब्जा करने की साजिश से जुड़ा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पहड़पुरा गांव के राजकुमार प्रसाद, संजय कुमार, रंजय कुमार वर्मा और सूर्यकांत कुमार मिलकर महाविद्यालय पर नियंत्रण स्थापित करना चाहते हैं। ये लोग दावा करते हैं कि कॉलेज की जमीन उनके परिवार ने दी है, जबकि प्रशासन के अनुसार यह दावा पूरी तरह गलत है।प्राचार्य ने यह भी कहा कि महाविद्यालय कोष में करोड़ों रुपये जमा हैं, जिस पर कुछ लोगों की नजर है। इसी कारण दबाव बनाकर पद हथियाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए उपद्रवियों पर कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की अपील की है।










# जाली नोट गिरोह का खुलासा, हरनौत का युवक साथी संग गिरफ्तार



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। जाली नोट के कारोबार से जुड़े एक मामले में हरनौत थाना क्षेत्र के बड़ी मुढ़ारी गांव निवासी सूर्यदेव कुमार उर्फ सूरज कुमार को मधुबनी सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह स्वर्गीय फोकन साव का पुत्र बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में जाली नोट बरामद किए हैं।

मधुबनी पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आरोपी लंबे समय से मधुबनी, नालंदा, गया सहित कई जिलों में जाली नोट खपाने का काम कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। इसके लिए विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने मधुबनी रेलवे स्टेशन के पास कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया।

पुलिस ने आरोपी के पास से जाली नोट छापने की मशीन के साथ कुल 6.44 लाख रुपये के जाली नोट बरामद किए हैं। इस दौरान उसके साथ एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र निवासी उदल पासवान के रूप में हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सूर्यदेव कुमार पेशे से हलवाई का काम करता था और हाल के दिनों में कर्ज के बोझ से परेशान था। बताया जाता है कि इसी कारण वह दूसरे राज्यों में काम की तलाश में गया था, जहां वह इस अवैध धंधे में शामिल हो गया।

पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# हरनौत में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम, छात्रों को मिला सही दिशा और मार्गदर्शन




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बिहार शिक्षा परियोजना, नालंदा के निर्देशन में बुधवार को हरनौत प्रखंड के गोनावां पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय गोनावां में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण तथा सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा समिति के प्रतिनिधि सह पंचायत के मुखिया अमरेश उपाध्याय ने की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सही दिशा देना और उन्हें अपने भविष्य के लिए उचित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। यह पहल छात्रों को शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकल्पों को समझने और उन्हें अपनाने में मदद करती है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीनानाथ प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। जहां ये माध्यम जानकारी और संवाद के नए अवसर प्रदान करते हैं, वहीं इनके दुष्प्रभाव भी हैं। उन्होंने छात्रों को सतर्क करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करें और किसी भी भ्रामक जानकारी से बचें।

इस दौरान विद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया, जहां छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया गया।


कार्यक्रम में उमावि गोनावां की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी, मवि गोनावां के प्रभारी प्रधानाध्यापक शंकर कुमार, शिक्षक भूषण कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।












# रोमांचक मुकाबले में शेखपुरा की जीत, नालंदा को 4 रन से हराया



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 के तहत बीसीए मेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी मगध जोन का चौथा मैच बुधवार को नालंदा और शेखपुरा के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में शेखपुरा ने नालंदा को 4 रन से पराजित कर जीत दर्ज की।


पहले बल्लेबाजी करते हुए शेखपुरा की टीम ने 45.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 199 रन बनाए। टीम की ओर से रिक्की शर्मा ने शानदार 83 रन, सचिन ने 47 रन, अभिषेक ने 16 रन और सूरज ने 11 रन का योगदान दिया। नालंदा की ओर से गेंदबाजी में आदित्य राज ने 23 रन देकर 4 विकेट, आदर्श ने 52 रन पर 3 विकेट, गौरव ने 24 रन पर 2 विकेट और दिव्यांश ने 1 विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालंदा की टीम 40.3 ओवर में 195 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नालंदा की ओर से लव ने 70 रन की शानदार पारी खेली, जबकि गौरव ने 29, दिव्यांश ने 23, हर्ष ने 12 और हर्षित ने 10 रन बनाए।

शेखपुरा की ओर से कन्हैया ने 53 रन देकर 4 विकेट, सूरज ने 2 विकेट, रिक्की शर्मा और मोहम्मद सत्तार ने 2-2 विकेट झटके।

मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेखपुरा के रिक्की शर्मा को दिया गया।

इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह, पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मैच में अंपायर की भूमिका सुनील सिंह और नितेश कुमार ने निभाई।






# राजगीर में पर्यावरण व बाल अधिकारों पर प्रशिक्षण, बच्चों को किया गया जागरूक



राजगीर (अपना नालंदा)। बुधवार को बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी सेवा केंद्र, कुर्जी के तत्वावधान में संस्कार सेवा सदन, राजगीर के प्रांगण में "हमारी पाठशाला फेज चार" के बच्चों एवं शिक्षकों के बीच पर्यावरण दिवस तथा राष्ट्रीय बाल शोषण जागरूकता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

राजगृह महिला मंच क्लब की अध्यक्ष अंतरा साव ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्लोबल रीसाइक्लिंग डे का उल्लेख करते हुए रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल अपनाने पर जोर दिया। नगर परिषद राजगीर की पार्षद कविता कुमारी ने संस्था एवं शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने से उनकी सीखने की क्षमता बढ़ती है।एबीपीएम की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं राजगृह महिला मंच क्लब की सचिव अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों और अभिभावकों में पर्यावरण संरक्षण व बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। रॉक्सी डांस अकादमी की रानी कुमारी ने बच्चों को गीत-संगीत व नृत्य का महत्व बताया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान ने बाल शोषण के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को अपने अधिकारों के लिए सजग रहने को प्रेरित किया। परियोजना समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता ने पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण का संदेश दिया। टीम सुपरवाइजर साहिल राज ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर एलॉयसियस ओस्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक किरण कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद, भीम पासवान, फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# इस्लामपुर में शांति समिति कि बैठक, रामनवमी जुलूस हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को इस्लामपुर के बड़ी दुर्गा स्थान, मां जगदम्बा दरबार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हिलसा-2 इस्लामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने की।बैठक में उपस्थित सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डीएसपी कुमार ऋषि राज ने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि रामनवमी जुलूस एवं शोभायात्रा निकालने के लिए पूजा समितियों को स्थानीय थाना में लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही जुलूस केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा और इसके लिए लाइसेंस लेना भी जरूरी होगा।डीएसपी ने कहा कि जुलूस के दौरान डीजे, तेज आवाज, हथियार एवं किसी भी प्रकार के शस्त्रपर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों एवं चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

बैठक में बीडीओ संजय कुमार, पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार, इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष प्रो. उमेश प्रसाद, सचिव अनिल कुमार (अधिवक्ता), उपाध्यक्ष शिवदानी पांडेय, रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह यादव, वीरेंद्र गोप, उजाला कुमार सोनी, राजेश खन्ना, विजय विश्वकर्मा, जितेंद्र लाल गुप्ता, रंजीत केसरी, रोहित सोनी, अमित केसरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# गुप्त नवरात्रि के दौरान की गई साधना, ध्यान और मंत्र जप का विशेष फल मिलता है

चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है. साल 2026 में यह पर्व 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा. नवरात्र केवल पूजा-पाठ या उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वह समय है जब दान-पुण्य करने से व्यक्ति के जीवन के कई कष्ट दूर होते हैं. अगर आप भी अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि चाहते हैं, तो इन नौ दिनों में अपनी क्षमता के अनुसार दान जरूर करें. आइए जानते हैं किन चीजों का दान करना सबसे शुभ माना जाता है. चैत्र नवरात्रि के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक इसका स्वास्थ्य से जुड़ा होना है। दरअसल नवरात्रि में जो उपवास रखा जाता है, उसका धर्म से ज्यादा हमारे स्वास्थ्य से रिश्ता होता है। दरअसल वसंत ऋतु में जब ये नवरात्रि आते हैं, तब मौसम बदलता है और शरीर को नई परिस्थितियों के अनुसार ढालने के लिए हल्के सात्विक और संतुलित भोजन की दरकरार रहती है। आज के युवा स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा कांशेस हैं। इसलिए वे नवरात्रि को डिटॉक्स डाइट के रूप में भी देखते हैं। इस दौरान व्रत के खानपान हमारे स्वास्थ्य के लिए रामबाण साबित होते हैं। जैसे- साबूदाना, कुट्टू, सिंघाड़ा, फल, दूध, सूखे मेवे और दही, ये सब न केवल शरीर के लिए ऊर्जा की आपूर्ति करते हैं बल्कि पाचन के हिसाब से सबसे उपयुक्त होते हैं। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और मिनिरल्स की भरपूर मौजूदगी होती है। चैत्र नवरात्र के व्रत शरीर को डिटॉक्स तो करते ही हैं, ऊर्जा से भी परिपूर्ण कर देते हैं।संस्कृति से जुड़ाव

चैत्र नवरात्रि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग सांस्कृतिक रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह रामनवमी तक चलते हैं। महाराष्ट्र में इसी समय गुड़ी पाड़वा मनाया जाता है। पूर्वी भारत में शक्ति पूजा की विशेष परंपरा है। जबकि दक्षिण भारत में यह उगादी के रूप में पारंपरिक कृषि पर्व तथा उत्तर पश्चिमी भारत में यह चेतीचंद और नवरेह के रूप में मनाया जाता है, जो कि अलग-अलग संस्कृतियों का आपस में सम्मिलन का आधार होता है। वास्तव में यह देश के हर क्षेत्र के युवाओं के लिए अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर होता है। इन दिनों कॉलेज और सामाजिक समूहों में दुर्गा स्तुति, भजन संध्या और अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहती है। लोकसंगीत और लोकनृत्य भी इस दौरान आयोजित होते हैं। इन सभी आयोजनों के माध्यम से युवा अपनी निजी परंपरा व देश की बहुसांस्कृतिक विरासत से भी मजबूती से जुड़ते हैं।वर्ष 2026 में नवरात्रि का विशेष महत्व है और इस बार तांत्रिक साधनाओं के लिए महत्वपूर्ण गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है।

गुप्त नवरात्रि जिसे तांत्रिक साधना के लिए बहुत उत्तम माना जाता है।

10 महाविद्या साधना: गुप्त नवरात्रि के दौरान तांत्रिक और साधक 10 महाविद्याओं (जैसे मां काली, तारा, बगलामुखी) की पूजा करते हैं।

शारदीय नवरात्रि (2026): अक्टूबर 2026 में होने वाली शारदीय नवरात्रि 10 दिनों की होगी।

गुप्त नवरात्रि के दौरान की गई साधना, ध्यान और मंत्र जप का विशेष फल मिलता है।

# बेन प्रखंड परिसर में विकास कार्य शुरू, मंत्री ने किया शिलान्यास




सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के आवासीय परिसर में विकास कार्यों की नई शुरुआत की गई। ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने लगभग 123.57 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाला, सड़क एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, राजेंद्र बाबू, प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, प्रमुख प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद, टुनटुन सिंह, कुमुद कुमार, आलोक कुमार, मोहम्मद कलीम, सुधीर प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार, भागेरण पाल, जीतू मुखिया तथा अविनाश कुमार सहित कई लोग शामिल हुए।मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के पूरा होने से परिसर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और जल निकासी की समस्या का समाधान होगा। साथ ही सौंदर्यीकरण कार्य के माध्यम से परिसर का वातावरण भी आकर्षक बनेगा, जिससे आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने बताया कि विकसित किए जाने वाले इस परिसर में लोगों के बैठने और विश्राम करने की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे लोग दिनभर के कार्यों के बाद यहां आकर आराम कर सकेंगे और मानसिक रूप से तरोताजा महसूस करेंगे।ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे स्थानीय लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

# बिहार में सियासी उथल-पुथल: राज्यसभा चुनाव से लेकर सीएम फेस तक बढ़ा सस्पेंस

## नीतीश के राज्यसभा जाने के बाद नया नेतृत्व कौन? बिहार की राजनीति निर्णायक मोड़ पर



(चंदन चौरसिया, पत्रकार एवं सामाजिक विषयों के विश्लेषक)

बिहार की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। हाल ही में संपन्न राज्यसभा चुनावों में एनडीए द्वारा सभी पांच सीटों पर जीत दर्ज करना केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि सत्ता के संतुलन में बड़े बदलाव का संकेत है। नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गठबंधन न केवल एकजुट है, बल्कि रणनीतिक रूप से विपक्ष से कई कदम आगे भी है। विपक्षी खेमे में जहां क्रॉस वोटिंग और अनुपस्थिति ने कमजोरी उजागर की, वहीं एनडीए ने अपने विधायकों को एकजुट रखते हुए चुनावी गणित को पूरी तरह साध लिया। यह परिणाम 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को मिले भारी बहुमत (202 सीटें) का स्वाभाविक विस्तार भी माना जा रहा है, जिसने पहले ही यह संकेत दे दिया था कि बिहार में राजनीतिक स्थिरता फिलहाल एनडीए के पक्ष में है।

लेकिन इस जीत का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश राज्यसभा की सीटों से कहीं आगे जाता है। यह संदेश है नेतृत्व परिवर्तन का। नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना महज एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक युगांतकारी बदलाव का संकेत है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति का केंद्र रहे नीतीश कुमार का सक्रिय राज्य राजनीति से हटना सत्ता के खाली स्थान को जन्म देता है। यही वह बिंदु है जहां से “अगला मुख्यमंत्री कौन?” का सवाल गंभीरता से उठता है। वर्तमान विधानसभा संरचना को देखें तो भाजपा 89 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, जबकि जदयू 85 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री पद पर भाजपा का दावा मजबूत होता है। हाल के राजनीतिक बयानों में भी यह झलक दिखाई देती है, जहां एनडीए के सहयोगी नेता खुलकर यह कह चुके हैं कि अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा।

अब सवाल यह है कि भाजपा के भीतर कौन सा चेहरा इस जिम्मेदारी को संभाल सकता है। वर्तमान परिदृश्य में तीन प्रमुख नाम चर्चा में हैं सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और नितिन नवीन। सम्राट चौधरी, जो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं, संगठन और सामाजिक समीकरणों दोनों पर मजबूत पकड़ रखते हैं। पिछड़ा वर्ग से आने के कारण उनका नाम सामाजिक संतुलन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं विजय कुमार सिन्हा, जो पहले विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं, प्रशासनिक अनुभव और विधायी समझ के कारण एक सशक्त दावेदार माने जाते हैं। नितिन नवीन का नाम भी तेजी से उभरा है, विशेषकर उनकी संगठनात्मक सक्रियता और शहरी विकास से जुड़े कार्यों के कारण। हालांकि अंतिम निर्णय पूरी तरह केंद्रीय नेतृत्व की रणनीति पर निर्भर करेगा, क्योंकि भाजपा अब राज्य स्तर के नेतृत्व चयन में राष्ट्रीय संतुलन और 2029 की राजनीतिक तैयारी को भी ध्यान में रखती है।

बिहार की वर्तमान राजनीतिक स्थिति केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि राजनीतिक संरचना के पुनर्गठन की कहानी है। राज्यसभा चुनाव में मिली निर्णायक जीत ने एनडीए को मनोवैज्ञानिक बढ़त दी है, जबकि विपक्ष अभी भी आंतरिक असंतुलन से जूझ रहा है। ऐसे में यह लगभग तय माना जा रहा है कि बिहार में अगला मुख्यमंत्री एनडीए से ही होगा और उसमें भी भाजपा की भूमिका केंद्रीय होगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा सामाजिक समीकरणों को प्राथमिकता देती है या प्रशासनिक अनुभव को, और किस चेहरे के जरिए वह बिहार की राजनीति में नए युग की शुरुआत करती है। बिहार की जनता के लिए यह केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि शासन की नई दिशा तय करने वाला क्षण साबित हो सकता है।

# आपत्तिजनक पोस्ट पर साइबर थाना में मामला दर्ज, आरोपी की तलाश जारी

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। फेसबुक पर वायरल आपत्तिजनक वीडियो और पोस्ट के मामले में नालंदा साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार 18 मार्च 2026 की सुबह माधवलाल कश्यप नाम से बने फेसबुक प्रोफाइल पर भड़काऊ एवं आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट किए जाने की सूचना प्राप्त हुई।

मामले की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त पोस्ट भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इसके आधार पर नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 72/26 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन वह फरार पाया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी कई मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है, जिनकी अद्यतन स्थिति की जांच की जा रही है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धर्म, भाषा, जन्म-स्थान या अन्य आधारों पर समाज में वैमनस्य फैलाने वाले कार्य कानूनन अपराध हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट को शेयर, फॉरवर्ड या आपत्तिजनक टिप्पणी करना भी अपराध की श्रेणी में आता है।

पुलिस द्वारा संबंधित वीडियो को सुरक्षित कर लिया गया है और पोस्ट को लाइक, शेयर या कमेंट करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। मामले में संलिप्त सभी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आपदा पीड़ितों के साथ सरकार, मंत्री श्रवण कुमार ने राहत राशि वितरित की



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार सदैव तत्पर है और सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा प्रभावित परिवारों का है। वे प्रखंड कार्यालय में आपदा पीड़ित परिवारों के बीच सहायता राशि के चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि आपदा में किसी सदस्य की मृत्यु होने पर परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूट जाता है। ऐसे समय में सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि उनके लिए सहारा बनती है। इस दौरान बड़ारा पंचायत के मंडाछ गांव की ममता देवी, जगदीशपुर तियारी पंचायत के मकनपुर गांव की प्रीति कुमारी, रसलपुर पंचायत के किशुनपुर गांव के रामप्रवेश पंडित, चरुईपर पंचायत के गोडीहा गांव की कांता देवी तथा नूरसराय निवासी तलत प्रवीण को 20-20 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए।मंत्री ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि यदि किसी पंचायत या गांव में सांप काटने, सड़क दुर्घटना या डूबने से मौत होती है, तो पोस्टमार्टम और थाना में प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की सहायता मिल सके।उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में रोजगार और योजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।इस मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, बीडीओ जियाउल हक, मनरेगा पीओ संजय कुमार सिन्हा, प्रखंड जदयू अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, समाजसेवी बबलू कुमार, राकेश कुमार, बंटी यादव, जनार्धन चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# साइबर अपराध से बचाव पर सेमिनार, छात्रों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को इनर व्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ द्वारा सोहसराय स्थित किसान कॉलेज में साइबर क्राइम विषय पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिव्यांशु कुमार ने की।

सेमिनार में क्राइम ब्रांच की इंस्पेक्टर कुंती कुमारी, सब इंस्पेक्टर अबू तालीम, साइबर इंस्पेक्टर निखिल आनंद एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक प्रकाश रंजन ने छात्रों और उपस्थित लोगों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल दौर में साइबर फ्रॉड तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।अधिकारियों ने लोगों को अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक, फर्जी लॉटरी या नौकरी के झांसे से बचने की सलाह दी। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपना यूपीआई पिन, ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। यदि किसी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

कार्यक्रम की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं, ताकि लोग मोबाइल और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति सजग हो सकें।इस अवसर पर सचिव कुमारी रश्मि, पूर्व अध्यक्ष रचना दिनेश, मंजू प्रकाश, एडिटर पूनम कुमारी, सदस्य अमिता रानी एवं नीतू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घर के सामने से बाइक चोरी, पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर नगर के गजासराय मुहल्ले में अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर ली। घटना उस समय हुई जब बाइक मालिक अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी कर कुछ देर के लिए अंदर गया था।

पीड़ित अरुण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक घर के समीप लगाई थी और किसी काम से घर के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आए तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब है। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

घटना के बाद पीड़ित ने इस्लामपुर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही संभावित जगहों पर जांच की जा रही है ताकि जल्द से जल्द बाइक बरामद कर चोरों को गिरफ्तार किया जा सके।

# सिलाव में मच्छरों का कहर, प्रशासन लापरवाह, लोग परेशान और बीमार



राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। सिलाव नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम लोगों का जीवन काफी प्रभावित हो गया है। स्थिति यह है कि लोग शाम होते ही घरों से बाहर निकलने में भी कतराने लगे हैं। खुले में बैठना या थोड़ी देर ठहरना तक मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ी है, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। पहले नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और फॉगिंग मशीन से धुआं किया जाता था, जिससे कुछ राहत मिलती थी, लेकिन अब यह व्यवस्था लगभग बंद हो चुकी है।

नगरवासियों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद केवल औपचारिकता निभा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे लोग भयभीत हैं। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द फॉगिंग शुरू कराने और ब्लीचिंग का नियमित छिड़काव कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। अब देखना है कि प्रशासन इस समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है।



# थरथरी में शांति समिति की बैठक, पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



थरथरी (अपना नालंदा)। चैती छठ, दुर्गा पूजा, रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता अंचलाधिकारी चेतना कुमारी एवं थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई, रोशनी और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को प्रतिमा स्थापना के लिए अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया। वहीं रामनवमी सहित अन्य धार्मिक आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अंचलाधिकारी चेतना कुमारी ने कहा कि छठ पूजा, दुर्गा पूजा, रामनवमी और ईद जैसे पर्व समाज में भाईचारे, प्रेम और आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी लोगों से शांति, संयम और सहयोग के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से कहा गया कि क्षेत्र में किसी भी असामाजिक तत्व या संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें और इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।

बैठक में मुखिया अरुण कुमार सिंह, युगेश्वर कुमार, संजय कुमार कश्यप, जहेन्द्र यादव, अशोक सिंह, पप्पू सिंह, मनोज कुमार, कौशल कुमार, विवेकानंद, प्रभात शंकर, विवेक मनीष, दिनेश कुमार, अजमेरी, रजनीकांत कुमार, अंकित कुमार, दरोगा बलिन्द्र प्रसाद, नवीन प्रकाश द्विवेदी, विनोद होंडों और अर्जुन पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया, हाजिर होने का निर्देश जारी

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना कांड संख्या 19/25 के फरार अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार तामिला की कार्रवाई की। विधि-सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए पुलिस टीम ने झुलन बिगहा गांव निवासी मनीष गोप, सुदामा गोप एवं खिरोधर गोप के घरों पर डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया।

इसके अलावा हिलसा थाना क्षेत्र के छकौड़ी बिगहा निवासी रौशन कुमार के घर पर भी इश्तेहार तामिल किया गया। इस दौरान आसपास के लोगों को भी जानकारी दी गई और अभियुक्तों को निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि



तय तिथि तक अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया भी शामिल हो सकती है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास जारी है और कानून के अनुसार अगली कार्रवाई भी की जाएगी।

# पराली जलाने से नुकसान पर जागरूकता, किसानों को वैकल्पिक उपाय अपनाने की सलाह

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड स्थित किसान भवन में किसान सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। बैठक की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने की।

बैठक के दौरान खेतों में पराली जलाने से होने वाले नुकसान पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुश्री शिक्षा कुमारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति धीरे-धीरे कम हो जाती है, जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा इससे निकलने वाला धुआं वातावरण को प्रदूषित करता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने की बजाय इसके प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं, जैसे पराली को खेत में ही मिलाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग करना। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके तहत किसानों को आवश्यक उपकरण और अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

बैठक में किसान सलाहकार समिति की सदस्य रेखा कुमारी, सूर्यनारायण प्रसाद, बृजेश कुमार, अरुण देव और राजबल्लभ कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कतरीसराय में रोजगार बैठक, प्रशिक्षण के बाद टाटा मोटर्स में नौकरी का मौका



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के जागरूक जीविका महिला विकास स्वलंबी सहकारिता समिति, कतरीसराय में रोजगार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में टाटा मोटर्स के रोजगार प्रबंधक तथा जीविका के रोजगार प्रबंधक संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से भाग लेकर अभ्यर्थियों को रोजगार संबंधी जानकारी दी।

बैठक के दौरान इच्छुक एवं योग्य युवाओं को बताया गया कि चयनित अभ्यर्थियों को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में उन्हें जीविकोपार्जन के लिए भत्ता भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे प्रशिक्षण के दौरान आर्थिक रूप से सक्षम रह सकें। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद अभ्यर्थियों को टाटा मोटर्स में स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जो युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है।

इस पहल से स्थानीय युवाओं में उत्साह देखा गया। बैठक के उपरांत कुल 10 अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र जमा किया, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट है कि अब महिलाएं भी रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक हो रही हैं और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

इस अवसर पर बीपीएम राजीव कुमार रंजन, एसी बलभद्र नारायण गौतम, सीसी निशु कुमारी, प्रिया कुमारी, सुरुचि कुमारी तथा जेआरपी सीमा कुमारी सहित दर्जनों अभ्यर्थी एवं जीविका समूह के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी को इस अवसर का लाभ उठाने और प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# आर्यभट्ट टैलेंट सर्च परीक्षा में रिकॉर्ड पंजीकरण, देशभर के छात्रों में उत्साह

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। द इंडियन मैथमेटिक एंड साइंस एसोसिएशन द्वारा आयोजित आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल 1,36,445 विद्यार्थियों ने आवेदन कर रिकॉर्ड सहभागिता दर्ज कराई है।

संगठन सचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि कुल पंजीकरण में गणित विषय के लिए 71,261 एवं विज्ञान विषय के लिए 65,184 छात्रों ने आवेदन किया है। खास बात यह है कि इस परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं लिया गया है, जिससे अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित हो सकी है।

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता परीक्षा दो स्तरों पर आयोजित की जाएगी। पहला स्तर कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तथादूसरा स्तर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए होगा।

संगठन अध्यक्ष एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के.सी. सिन्हा ने कहा कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, तार्किक सोच का विकास करना और राष्ट्रीय स्तर पर इन विषयों को मजबूत बनाना है।राज्यवार पंजीकरण में बिहार 36,190 छात्रों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश 14,639, महाराष्ट्र 10,538, हरियाणा 7,966, दिल्ली 7,200, झारखंड 6,187, उड़ीसा 5,177, तमिलनाडु 5,010, पश्चिम बंगाल 4,977 तथा तेलंगाना 4,799 छात्रों के साथ शामिल हैं।

परीक्षा से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# जेली में गौढ़ापर के अभिमन्यु तो अचार में बिहारशरीफ की रिंकी रही प्रथम

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला में कृषि ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चंडी प्रखंड के गौढ़ापर पर निवासी वीर अभिमन्यु सिंह ने तृतीय पुरस्कार हासिल कर नालंदा के किसानों का मान बढ़ाया है। पुरस्कार के तहत 500 रुपए नगद व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यह लिखित परीक्षा थी। दस मिनट में कुल 20 प्रश्न पुछे गए थे। परीक्षा में दस बहुविकल्पीय प्रश्न थे और 10 रिक्त स्थानों को भरने का था। प्रश्न खेती बारी, रसायनिक उपयोग, सिंचाई, पराली प्रबंधन में प्रयोग होने वाले यंत्र, वेरायटी, बीज बुआई की मात्रा व कृषि पर आधारित जेनरल नालेज से संबंधित प्रश्न पूछे गये थे।बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित श्री

जेली - प्रथम - वीर अभिमन्यु सिंह गौढ़ापर चंडी

जेली - द्वितीय - शिवम् कुमार बिहार शरीफ

जेली - तृतीय - प्रणव कुमार, नुरसराय

अन्य तरह के अचार में - प्रथम, रिंकी कुमारी, बिहार शरीफ एवं तृतीय - प्रणव कुमार नुरसराय ,मिर्च अचार - प्रथम - सत्यम कुमार

नींबू अचार - प्रथम - सत्यम कुमार

सफेद आलु - सुरेंद्र राम - द्वितीय

आम का अचार - द्वितीय - सुरेंद्र राम